वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पी–एच0 डी0 प्रवेश–2020 हेतु आवश्यक दिशा निर्देश

पत्रांकः 3452 शैक्षणिक / 2021 दिनांकः 08.07.2021

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि पी–एच0डी0 प्रवेश–2020 से सम्बन्धित समस्त राजकीय / अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यों / विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों के विभागाध्यक्षों / शोध निर्देशकों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश निम्नवत् हैं –

1. विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध राजकीय / अनुदानित महाविद्यालयों द्वारा डी0आर0सी0 सम्पन्न कराने हेतु अन्तिम तिथि दिनांक 10.07.2021 से बढ़ाकर दिनांक 26.07.2021 तक जाती है। विभागाध्यक्ष / प्राचार्य अपने माध्यम से समस्त प्रपत्रों सहित शोध प्रस्ताव विश्वविद्यालय को दिनांक 05.08.2021 सायं 04.00 बजे तक कुलसचिव, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर को प्रेषित करेंगे। साथ ही विश्वविद्यालय दिनांक 09.08.2021 से 24.08.2021 तक आर0डी0सी0 की प्रक्रिया सम्पन्न करके शोधार्थियों को प्रवेश हेतु पत्र निर्गत किया जायेगा।
2. वाह्य परीक्षकों की जो सूची विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड की गयी है, के सम्बन्ध में संज्ञान में आया है कि कुछ विशेषज्ञ आने में असमर्थता व्यक्त कर रहे हैं, ऐसी परिस्थितियों में वाह्य विशेषज्ञ बदलने हेतु विश्वविद्यालय परिसर / महाविद्यालयों से प्रतिवेदन दूरभाष / मोबाइल नं0 सहित दिनांक 20.07.2021 तक प्राप्त कर कार्यवाही सुनिश्चित करा लें।
3. ऐसे नियमित शिक्षक जो विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शोध निर्देशक की अर्हता पूर्ण करते हैं और वे किन्हीं कारणों से, शोध निर्देशक बनने हेतु आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में जमा नहीं किये हैं, वे शिक्षक विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप पर समस्त सम्बन्धित पत्रजातों सहित दिनांक 14.07.2021 सायं 04.00 बजे तक आवेदन पत्र कुलसचिव कार्यालय में जमा कर दें।
4. ऐसे नियमित शिक्षक जो पूर्व से शोध निर्देशक हैं और उनका नाम विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूची में नहीं है तथा उनके अधीन सीट रिक्त है, ऐसे सभी शोध निर्देशक दिनांक 20.07.2021 सायं 04.00 बजे तक विश्वविद्यालय से डी0आर0सी0 हेतु वाह्य विशेषज्ञ नामित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करा लें।
5. डी0आर0सी0 हेतु विशेषज्ञ नामित / परिवर्तित कराने हेतु विभागाध्यक्ष / प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित संस्था के लेटर हेड पर कुलसचिव को संबोधित करते हुए स्वयं अथवा ई–मेल aracademicvbspu@gmail.com पर पत्र प्रेषित करें। विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर वाह्य विशेषज्ञ का नाम परिवर्तित होने के उपरान्त प्रदर्शित कर दिया जायेगा।

निदेशक
पी–एच0डी0 प्रवेश परीक्षा–2020

कुलसचिव 7/7

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. विशेष कार्याधिकारी कुलपति, मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रभारी, बेव मास्टर को इस आशय से कि विश्वविद्यालय बेवसाइट पर उक्त सूचना प्रदर्शित करने का कष्ट करें।

निदेशक
पी–एच0डी0 प्रवेश परीक्षा–2020

कुलसचिव